भूपेश बघेल ने देश की पहली निःशुल्क 'नालसा' विधिक सहायता हेल्प लाईन 15100 का किया शुभारंभ

» ए.डी.आर. सेंटर एवं न्याय सदन भवन का भूमि पूजन » लोगों को जागरूक करने विधिक सहायता हेल्प लाईन का व्यापक प्रचार-प्रसार

» जरूरतमंद लोगों को जल्द, सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने में मददगार

» होगी विधिक सहायता हेल्प लाईन- भूपेश बघेल

» आवश्यक- मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री पी.आर. रामचंद्र मेनन

रायपुर। छत्तीसगढ़ में आज एक नया इतिहास रचा गया, जब मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने देश की पहली निःशुल्क 'नालसा' विधिक सहायता हेल्प लाईन नम्बर 15100 का शुभारंभ किया।

जिला न्यायालय परिषद रायपुर के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय विधिक सहायता प्राधिकरण (नालसा) की इस हेल्प लाईन की शुरूआत की गई। यह हेल्प लाईन कानूनी सलाह देने के लिए पूरी तरह से निःशुल्क हेल्प लाईन होगी। मुख्यमंत्री ने न्यायालय परिसर में ए.डी.आर. भवन और न्याय सदन का भूमि पूजन भी किया। सर्व सुविधायुक्त ए.डी.आर. (आल्टरनेटिव डिस्प्यूट रिसालुशन) भवन का निर्माण 2 करोड़ 42 लाख रूपए की लागत से और न्याय सदन का निर्माण एक करोड़ 28 लाख रूपए की लागत से किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री पी.आर. रामचंद्र मेनन ने की। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के कार्यपालक अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायमूर्ति श्री प्रशांत कुमार मिश्रा एवं न्यायमूर्ति श्री गौतम भादुड़ी विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल और मुख्य न्यायाधीश श्री मेनन ने हेल्प लाईन नम्बर पर फोन लगाकर बात की और हेल्प लाईन के शुभारंभ के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की पहली नालसा विधिक सहायता हेल्प लाईन की शुरूआत छत्तीसगढ़ से हो रही है, यह हमारे लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों को जल्द, सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने में यह हेल्प लाईन बड़ी मददगार होगी। श्री बघेल ने कहा कि इस हेल्प लाईन की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार के विज्ञापनों में भी इसका प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने न्यायिक प्रशासन में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए भी राज्य शासन के स्तर से उचित पहल का आश्वासन दिया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री पी.आर. रामचंद्र मेनन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह विधिक सहायता हेल्प लाईन गरीबों में सबसे गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए प्रारंभ की गई है।

महत्वपूर्ण एवं खास

फर्जी बैंक मैनेजर बनकर ओटीपी नंबर पूछकर 44,189 रुपये की धोखाधड़ी की

» मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। मोबाइल फोन पर एटीएम कार्ड का ओटीपी नंबर पूछकर 44 हजार 189 रुपये का आहरण कर धोखाधड़ी किये जाने की जानकारी आजाद चौक थाने से मिली है। मिली जानकारी के अनुसार सुंदर लाल साहू आयु 27 वर्ष पिता स्व. गनपत राम साहू निवासी ब्राम्हणपारा आजाद चौक, सुहागा मंदिर के पास ने अज्ञात मोबाइल फोन धारक 85091 34500 द्वारा स्वयं को इंडियन ओवरसीज बैंक का मैनेजर बताकर इनसास बैंक के नाम पर नये एटीएम कार्ड बनाने के लिए ओटीपी नंबर पूछकर उक्त धोखाधड़ी की है। ज्ञात हो कि अज्ञात फोन धारक ने दोनों बैंक के खाते से पैसे निकालकर प्रार्थी को गुमराह किया है। उक्त मामले में आजाद चौक थाने ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

कृष्णा आयरन मिल में शार्ट सर्किट होने से श्रमिक गंभीर रूप से घायल

रायपुर (आरएनएस)। कल कारखानों में सुरक्षा उपकरणों के नहीं लगाए जाने से बरती गई लापरवाही के कारण आये दिन फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर हादसों का शिकार होते रहते हैं। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में अनेकों बार परिपत्र जारी करने के बावजूद भी उद्योग पति लापरवाही बरतने से बाज नहीं आ रहे हैं। उरला थाने से मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा आयरन रोलिंग मिल में कार्य के दौरान रूपनारायण साहू आयु 29 वर्ष पिता अर्जुन लाल साहू निवासी सुभाष चौक बिरगांव उरला के भाई योगेश्वर कुमार साहू कार्य के दौरान बिना सुरक्षा उपकरण होने की वजह से वहां हुए शार्ट सर्किट से गंभीर रूप से घायल हो गया है जिन्हें काम कर रहे श्रमिक साथियों ने तत्काल प्रभाव से श्री मेडिशाईन हास्पिटल में गंभीर रूप से जल जाने के कारण उपचार के लिए भर्ती किया है। उक्त मामले में उरला टीआई ने कृष्णा आयरन एंड रोलिंग मिल के प्रबंधक के खिलाफ आईपीसी की धारा 287 एवं 337 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

बारहवीं -दसवीं की बोर्ड परीक्षाएं 2 एवं 3 मार्च से प्रारंभ

रायपुर (आरएनएस)। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षामंडल द्वारा 12वीं एवं 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं 2 एवं 3 मार्च से प्रारंभ हो रही है। समस्त केंद्रों को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी कर दिये गये हैं। नक्सल प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों के परीक्षा केंद्रों में केंद्राध्यक्ष एवं संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों को परीक्षा केंद्र में अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए समुचित इंतजाम करने के निर्देश भी प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिये गये हैं। परीक्षा नियंत्रक छग माध्यमिक शिक्षामंडल ने उन विद्यार्थियों से जिन्हें अब तक एडमिट कार्ड नहीं मिले हैं उन्हें मंडल की वेबसाइट से अपलोडकर कार्ड लेने के निर्देश दिये हैं।

छात्रा से अनाचार की घटना को अंजाम देने वाला ट्रक चालक गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र के शासकीय स्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले में मुलमुला थाना पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब हो कि छात्रा कल शाम स्कूल से पैदल घर लौट रही थी तभी परिचित के ट्रक ड्राईवर मिल गया। चालक ने उसे घर तक छोड़ने की बात कहते हुए ट्रक में बिठा लिया और जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ अनाचार किया। इसके बाद उसे धमकाया कि वो इसके बारे में किसी को भी नहीं बताएगी। छात्रा जैसे ही घर आई उसने सबसे पहले इसकी जानकारी अपनी मां को दी। उसकी मां ने फिर परिजनों को ?इस बारे में बताया। इसके बाद पूरा परिवार मुलमुला थाने पहुंच गया। पुलिस ने छात्रा का डॉक्टरी मुलाहिजा करवाया। उसमें बलात्कार की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी के उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 376 और पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मंत्रिपरिषद की बैठक स्थगित

रायपुर। 29 फरवरी को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होने वाली मंत्रिपरिषद की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

ट्रेक्टर शो-रूम के बाड़े से ट्रालियों के 6 चक्के की हुई चोरी

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के गीदम के शिवनाथ महिंद्रा ट्रैक्टर्स शोरूम के सामने रखी नई ट्रैक्टर ट्रालियों के 06 चक्कों को चोरों के द्वारा निकालकर चक्कों के स्थान पत्थर लगाकर उड़ा ले गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला गीदम के शिवनाथ महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम का है, जहां नई ट्रैक्टर ट्रालियां शोरूम के ठीक सामने बाड़े में रखी हुई थी, इन ट्रालियों के 06 चक्कों को चोर निकालकर ले गए। नगर में चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि हमेशा चहल-पहल रहने वाले सड़क के पास स्थित शो-रूम के बाड़ा से ट्रैक्टर ट्रालियों के चक्कों की चोरी होते किसी ने भी नहीं देखा। गीदम पुलिस रात्रि गश्त में निकलती है लेकिन उसने भी सड़क के किनारे हो रही चोरी को नहीं देखा। गीदम पुलिस पर शहर में आए दिन हो रही चोरी एवं लूटपाट की घटनाओं के बाद प्रश्न चिन्ह खड़े होने लगे हैं। फिलहाल पूरे मामले की जांच गीदम पुलिस कर रही है उनका दावा है कि चोरों को जल्द से जल्द पकड़ लिया जाएगा।

राष्ट्रपति दो दिवसीय प्रवास पर कल आएंगे छत्तीसगढ़

» गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के दीक्षांत समारोह में शामिल होगें

रायपुर (आरएनएस)। देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द आज 1 मार्च से दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आएंगें।



वे यहां गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगें तथा विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित पांच भवनों का लोकार्पण करेंगें।

राष्ट्रपति 1 मार्च की सुबह रांची विमानतल से भारतीय वायुसेना के विमान से रवाना होकर सुबह 11:30 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल, रायपुर आएंगें। वे यहां से 11:40 बजे हेलीकाप्टर से रवाना होकर 12:25 बजे बिलासपुर हेलीपेड पहुचेंगें और यहां से सर्किट हाऊस जाएंगें। वे शाम 6 बजे छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं अन्य न्यायाधीशगणों से हाई टी में भेंट करेंगें। राष्ट्रपति 2 मार्च को सुबह 10 बजे से दीक्षांत समारोह में शामिल होंगें। वे 11:15 बजे बिलासपुर हेलीपेड से रवाना होकर 12 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल, रायपुर पहुंचेंगें और यहां से 12:10 बजे भारतीय वायुसेना के विमान से दिल्ली के लिए रवाना होंगें।

» हजारों गर्भवती माताओं के लिए बाइक एम्बुलेंस हो रही वरदान साबित

दूरस्थ वनांचल नारायणपुर में जीवन बनकर दौड़ रही बाइक एम्बुलेंस

रायपुर। नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले का एक बड़ा हिस्सा विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण आज भी मुख्य मार्ग से नहीं जुड़ पाया है। अबूझमाड़ वह क्षेत्र है, जहां वनांचल और नदी-नाले बहुत हैं। यही कारण है कि लोगों को शासन की मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ती है। स्वास्थ्य सेवाओं की सरलता से उपलब्धता को ध्यान में रखकर बाइक एम्बुलेंस का प्रयोग किया गया। जिले में शुरूआती दौर में पहले दो बाइक एम्बुलेंस अंदरूनी इलाकों के छोटे नदी-नालों, पगडंडियों, उबड़-खाबड़ रास्तों में दौड़ायी गयी, जो सफल हुई। इसकी सफलता को देखकर जिले में मोटर बाईक एम्बुलेंस की सेवाओं का विस्तार किया है। कलेक्टर श्री पी.एस. एल्मा ने इस वर्ष खनिज न्यास निधि से 4 नई मोटर बाईक एम्बुलेंस स्वास्थ्य विभाग को दी है। जिससे अंदरूनी क्षेत्र के मरीजों को स्वास्थ्य केन्द्रों तक लाने-ले-जाने में सुविधा होगी।

सीएनएम डिप्टी कमांडर सहित 4 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा (आरएनएस)। जिला पुलिस बल को शनिवार को बड़ी सफलता मिली है। सीएनएम डिप्टी कमांडर समेत 04 नक्सली ने आत्मसमर्पण कर दिया है। बताया गया कि ये तीनों महिला कांगेर घाटी इलाके में लंबे समय से नक्सल वारदातों को अंजाम देने में सक्रिय थे। सभी नक्सलियों ने एसपी शलभ सिन्हा की मौजूदगी में आत्मसमर्पण किया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को एसपी सुकमा समक्ष सीएनएम डिप्टी कमांडर विट्टे हिड़मे, कारम हिड़मे सीएनएम सदस्य, कवासी कोसी सीएनएस सदस्य एवं गोंदसे जोगा डॉ टीम का सदस्य सहित 04 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन नक्सलियों के विरूद्ध कई थानों में सड़क खोदने, बैनर, पोस्टर लगाने के आरोप के मामले दर्ज हैं। छग शासन की योजनाओं से प्रभावित होकर तथा नक्सलियों के गलत विचार धाराओं से परेशान होकर चारों नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

पेटीएम नंबर ब्लॉक हो गया है कहकर 14 हजार 990 रुपये की धोखाधड़ी की

रायपुर (आरएनएस)। एटीएम कार्ड के नाम पर फर्जीवाड़ा करने की शिकायतें आये दिन पुलिस प्रशासन को मिलती रहती है। कहीं एटीएम का क्लोन बनाकर धोखाधड़ी की जाती है तो कहीं ओटीपी नंबर पूछकर बैंक खाते से राशि आहरित कर ली जाती है। इसी कड़ी में नेवरा थाने से मिली जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार बजाज आयु 56 वर्ष पिता सुरंगी स्व. निरंजन लाल बजाज निवासी अग्रवाल पॉवर प्लांट के पास बिलाड़ी कृष्णा नगर से अज्ञात फोन धारक 62949-14461 द्वारा आरोपी के बैंक खाते का पेटीएम अकाउंट ब्लाक हो गया है कह कर अपना केवाईसी अपडेट करो बोलकर प्रार्थी के खाते से 14, 990 रुपये की राशि पार कर धोखाधड़ी की गई है उक्त मामले में नेवरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

कलेक्टर की बड़ी कार्रवाई, नर्सिंग होम में लगाया ताला

जशपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जशपुर में स्कूली छात्रा का अवैध गर्भपात कराने वाले नर्सिंग होम में प्रशासन ने सरकारी ताला जड़ दिया है ।ख़बर ये भी है कि गर्भपात मामले में विराज नर्सिंग होम का नाम आने के बाद डॉक्टर सुरेन फरार हो गयी है । शुक्रवार की देर शाम कलेक्टर जशपुर के निर्देश पर पूलिस अमला,बीएमओ ,एवं तहसीलदार कार्यवाही के लिए नर्सिंग होम में दविश दिया था लेकिन नर्सिंग होम में डॉक्टर नही मिली उंसके बाद प्रशासन ने नर्सिंग होम में ताला जड़ दिया। गौरतलब हो कि नारायणपुर माध्यमिक कन्या शाला में पदस्थ शिक्षक राशिद खान द्वारा एक स्कूली छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के साथ साथ 45 हजार देकर छात्रा का एबॉर्शन कराने का मामला सामने आने के बाद पूलिस और प्रशासन काफी सख्ती से कार्यवाही करने में जुट गई है।इस मामले में अबतक जहां बीआरसी को बर्खाश्त किया जा चुका है वही स्कूल के 5 शिक्षक सहित 6 लोगो को सस्पेंड किया जा चुका है जबकि बीईओ कुनकुरी को पद से हटा दिया गया है ।अबतक इस मामले में पूर्व नारायणपुर क्षेत्र के पूर्व बीडीसी को गिरफ्तार किया जा चुका है हांलाकि मुख्य आरोपी राशिद खान अभी भी फरार है।

जिला अस्पताल सुकमा में पहली बार किया गया सीजेरियन ऑपरेशन

सुकमा (आरएनएस)। जिले के जिला अस्पताल में पिछले एक सप्ताह के भीतर 03 सफल सीजेरियन ऑपरेशन किया गया। जिसमें एक काफी मुश्किल था। अगर समय रहते ऑपरेशन नही किया होता तो माँ और बच्चे दोनो के जान को खतरा हो सकता था। लेकिन डॉक्टर नरसिह और डॉक्टर एडी पुरैना ने तीनों सफल ऑपरेशन कर यहां के मरीजों का विस्वास जीता है। सुकमा के ग्रमीणों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। पिछले कई महीनों से जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के कारण गर्भवती महिला को सीमावर्ती प्रदेश मलकानगिरी अस्पताल जाना पड़ता था या फिर सुविधाओ के अभाव में जगदलपुर रैफर करना पड़ता था। लेकिन अब धीरे-धीरे जिला अस्पताल में सुविधाएं बढ़ रही है। सीएमचो डॉक्टर बंसोड़ ने बताया कि जिला अस्पताल में सुविधाए बढ़ रही है। एक सप्ताह में तीन सीजेरियन ऑपरेशन हुए है। अब रेफर करने के बजाय यही ऑपरेशन किया जा रहा है, आगे और चीजे बेहतर होगी।

राज्यपाल आईटीएम विश्वविद्यालय के पांचवे दीक्षांत-समारोह में शामिल हुई

बदलते परिवेश एवं तकनीक के अनुरूप रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करें - उइके

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कहा है कि आज उच्च शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से बदलाव आ रहा है। युवाओं का तकनीकी एवं प्रबंधन शिक्षा के प्रति रूझान बहुत तेजी से बढ़ा है। उन्होंने युवाओं और विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों से कहा कि वे आज बदलते परिवेश एवं तकनीक के अनुरूप अपने आप को ढालने में समर्थ बनें जिससे रोजगार के अच्छे अवसर पैदा हो सकें। राज्यपाल सुश्री उइके ने आज यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित आईटीएम विश्वविद्यालय के पांचवे दीक्षांत-समारोह को संबोधित कर रही थीं। राज्यपाल ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को उपाधि और पदक प्रदान किया। राज्यपाल सुश्री उइके ने डिग्री एवं पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने आज यहां जो संकल्प लिया है, उसे जीवन में अच्छे विचार के साथ कैरियर बनाने में साकार करें। उन्होंने कहा कि उनके संकल्प फलीभूत हो और वे अच्छा काम कर अपना नाम रोशन करें तथा समाज और देश का भी मान बढ़ाएं। राज्यपाल ने कहा कि आईटीएम विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग के छात्रों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मेक इन इंडिया लैब का डिजाइन किया है, ताकि वे वैश्विक नौकरियों के लिए आवश्यक कौशल सीख सकें और देश विदेश में कहीं भी काम कर सकें।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU